## संक्षिप्त

### प्रदेशभर में नशा मुक्ति अभियान चलाएगी

उदयपुर,(का.स.)। मुस्लिम महासभा राजस्थान नशा मुक्त राजस्थान के लिए एक व्यापक अभियान शुरू करेगा। राजस्थान,प्रदेश कार्य समिति अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन के अनुसार नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समाज, परिवारों और युवाओं को खोखला कर रही है। यह न केवल स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि सामाजिक सद्भाव और आर्थिक स्थिरता को भी प्रभावित करता है। हमारा उद्देश्य हर समाज, हर वर्ग और हर उम्र के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। नशा कोई छोटी समस्या नहीं है, यह एक सामाजिक महामारी है जिसे हम सब मिलकर ही हरा सकते हैं। हुसैन के अनुसार इस उद्देश्य को ले कर मुस्लिम महासभा प्रदेश में नशे के खिलाफ जागरूकता रैलियां, और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओ को जागरूक करने का प्रयास करेगी।

### अरविन्दसिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि दी

उदयपुर,। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार को उदयपुर प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय आयोजनों में भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी बुधवार सुबह विमान से डबोक एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से सर्किट हाउस पहुंचे। श्री देवनानी ने सिटी पैलेस स्थित शंभु निवास पहुंच कर उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के अरविन्दसिंह मेवाड़ के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। देवनानी ने दिवंगत अरविन्दसिंह मेवाड़ के पुत्र डॉ लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ सहित परिवारजनों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष गीतांजलि अस्पताल पहुंचे तथा वहां उपचाररत राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा के पिता पूर्व केबिनेट मंत्री नंदलाल मीणा की कुषलक्षेम जानी। इसके अलावा देवनानी ने उदयपुर में ही नारायणलाल शर्मा के निवास पर पहुंचकर उनके निधन पर संवेदना व्यक्त की।

### पश्चिम बंगाल का करेंगे दौरा

उदयपुर,। सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेषक पशुपालन तथा जाने माने पशुचिकित्सा विषेषज्ञ डॉ. ललित जोशी को भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा पशुपालन एवं डेयरी की केन्द्रीय योजनाओं के मूल्यांकन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी कर्ता के रूप में चयनित किया गया है। डॉ जोषी 28 अप्रेल से 2 मई तक पश्चिम बंगाल के तीन जिलों नाडिया, नार्थपरगना एवं पश्चिम मिदनापुर का दौरा कर पशुपालन विभाग की केन्द्रीय योजनाओं का विस्तृत मूल्याकंन करेंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. जोशी इससे पूर्व उतर प्रदेश राज्य में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की केन्द्रीय योजनाओं का मूल्यांकन भी कर चुके हैं।

### प्रशिक्षण एवं टीकाकरण 20 को

उदयपुर, 16 अप्रेल। उदयपुर एवं राजसमन्द जिले से राजकीय कोटे से पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले आवेदकों का हज प्रषिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम 20 अप्रेल रविवार को सुबह 10 बजे अलीपुरा मस्जिद, रजा गार्डन उदयपुर में आयोजित होगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी खुषबू शर्मा ने बताया कि उदयपुर व राजसमंद से कुल 174 हज यात्री शामिल हैं, इसमें उदयपुर जिले से 165 तथा राजसमंद से 9 यात्री हैं।

# गांवों को जल आत्मनिर्भर बनाने में मिसाल बनेगा जल स्वावलंबन अभियान

- दूसरे चरण में उदयपुर में खर्च होंगे 335 करोड़ 69 लाख
- जिला स्तरीय समिति बैठक में हुआ 11 हजार 5 कार्यों का अनुमोदन



मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 के तहत कार्यों के अनुमोदन के लिए आयोजित बैठक।

उदयपुर,। बहुमूल्य भू-जल संरक्षण को बढ़ावा देने की राज्य सरकार की महत्ती योजना मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले में करवाए जाने वाले कार्यों के अनुमोदन हेतु जिला परिषद सभागार में मंगलवार को जिला कलेक्टर के निर्देशन में एवं जिला परिषद सीईओ रिया डाबी के सानिध्य में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के 14 ब्लॉक की 114 ग्राम पंचायतों के 300 गावों में करवाए जाने वाले कार्यों का विभागवार, मदवार एवं ब्लॉकवार विवरण का प्रेजेंटेशन दिया गया, साथ ही मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 द्वितीय चरण की क्रियान्विति हेतु कार्य योजना का जिला स्तरीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड विभाग अतुल जैन ने बताया कि द्वितीय चरण में अनुमोदित कार्यों के तहत जिले की 14 पंचायत समितियों के 300 गांवों में कुल 11 हजार 5 संरचनाएं तैयार की जाएंगी। इसमें भीण्डर ब्लॉक की तीन ग्राम पंचायतों के 35 गांवों में 21 करोड़ 88 लाख रुपयों की लागत के कुल 1 हजार 55 कार्य, कोटडा ब्लॉक अंतर्गत 8 ग्राम पंचायतों के 18 गांवों में 37 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत के कुल 742 कार्य, कुराबड़ ब्लॉक की 9 ग्राम पंचायतों के 16 गांव में 18 करोड़ 76 लाख की लागत के 697 कार्य, नयागांव ब्लॉक की 11 पंचायतों के 28 गांवों में 16 करोड़ 78 लाख की लागत के 763 कार्यों का अनुमोदन हुआ।

इसी प्रकार ऋषभदेव ब्लॉक की 7 ग्राम पंचायतों के 18 गांवों में 21 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत के कुल 1 हजार 420 कार्य, वल्लभनगर ब्लॉक की 8 ग्राम पंचायतों के 23 गांवों में 19 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत के 814 कार्य, सायरा ब्लॉक की 5 ग्राम पंचायतों के 18 गांवों में 25 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत के 844 कार्य, फलासिया ब्लॉक की 8 ग्राम पंचायतों के 21 गांवों में 27 करोड़ 7 लाख की लागत के 709 कार्य, झाडोल ब्लॉक की 13 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 30 गांवों में 39 करोड़ की लागत के 920 कार्य, गोगुंदा ब्लॉक के अंतर्गत 11 ग्राम पंचायतों के 23 गांवों में 26 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत के 879 कार्य अनुमोदित किए।

इसी क्रम में गिर्वा ब्लॉक की 5 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 13 गांवों में 17 करोड़ 15 लाख रुपए की लागत के 848 कार्य, खेरवाड़ा ब्लॉक की 11 ग्राम पंचायतों के 20 गांवों में 18 करोड़ 79 लाख के 607 कार्य, बड़गांव ब्लॉक की 7 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 17 गांवों में 21 करोड़ 15 लाख रुपए की लागत के 338 कार्य तथा मावली ब्लॉक की 8 ग्राम पंचायतों के तहत 20 गांवों में 24 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत के 369 कार्य समेत जिले की कुल 114 ग्राम पंचायतों के 300 गांवों में 335 करोड़ 69 लाख रुपए की लागत के 11 हजार 5 कार्य अनुमोदित किये गए। अभियान के तहत जल संरक्षण और जल संचयन से जुड़े विभिन्न कार्य करवाए जाएंगे। इसमें तालाबों का निर्माण और गहरीकरण, खेत तलैयाओं का निर्माण, चेक डैम, एनिकट और परकोलेशन टैंक का निर्माण शामिल है। नालों का सुधार, वाटर शेड विकास, रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग और वृक्षारोपण जैसे कार्य भी किए जाते हैं। इस अभियान का उद्देश्य भूजल स्तर बढ़ाना, कृषि क्षेत्र की सिंचाई सुविधा सुधारना और ग्रामीण क्षेत्रों को जल स्वावलंबी बनाना है।

### मरीजो की नेत्र जांच और निशुल्क उपचार

उदयपुर, । राजस्थान विद्यापीठ होम्योपैथिक चिकित्सालय डबोक और सवीदय मानव सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में विश्व होम्योपैथी दिवस पर आयोजित होम्योपैथी सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय डबोक में निशुल्क आंखों की जांच एवं उपचार के कैंप के साथ होम्योपैथी सप्ताह का समापन हुआ। राजस्थान विद्यापीठ होम्योपैथिक महाविद्यालय की चिकित्सालय अधीक्षक डॉ निवेदिता पटनायक ने बताया कि इस कैंप में आसपास के क्षेत्र से 157 मरीजो की नेत्र जांच और सफलतापूर्वक निशुल्क उपचार किया गया। कैम्प में सवीदय मानव सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के वरिष्ठ नेत्र रोग चिकित्सक डॉ उपवन पंड्या, डॉ सर्व पंड्या, अजय नाथानी, विजय पंवार, तनीषा टेलर ने अपनी सेवाएं दी।

# उदयपुर विकास प्राधिकरण लाएगा तीन आवासीय योजनाएं

- अंबेरी योजना में 80 से 100 फीट बनेगी सड़के, बोहरा गणेशजी के पास बनेगी पार्किंग

उदयपुर,(का.स.)। उदयपुर विकास प्राधिकरण जल्द ही उदयपुर में तीन आवासीय योजना लाने जा रहा है। इसमें इन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए बजट का भी प्रावधान रखा गया है। यूडीए की और से अंबेरी योजना के बाद कोई योजना लॉन्च नहीं की गई थी और अब इन तीन योजनाओं को मूर्त रूप दिया जाएगा।

यूडीए कमिश्नर राहुल जैन ने बताया कि हमने आखिरी अंबेरी में लॉटरी निकाली थी और अब राजस्व ग्राम कलड़वास,दक्षिण विस्तार योजना ब्लॉक.ए एवं नोहरा में नवीन आवासीय योजना की तैयारी की जा रही है। इसमें सड़क, ड्रेनेज, विद्युतीकरण, पेयजल लाईन के लिए दस करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। जैन ने बताया कि मेजर फोकस अंबेरी पर रहेगा और वहां पर लगातार विकास हो रहा है ऐसे में 80 से 100 फीट सड़कें बनाने जा रहे है। बलीचा चौराहा को ठीक कर एक्सीडेंट जोन ठीक करेंगे और वहां ओवरब्रिज बनाएंगे। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण के अंदर आने वाले 136 राजस्व गांवों के लिए भी बजट रखा है। साथ ही बोहरा गणेश मंदिर के पास वाहनों की पार्किंग के लिए देवस्थान विभाग की जमीन पर पार्किंग की प्लानिंग की जा रही है। यूडीए कमिश्नर राहुल जैन ने बताया कि उदयपुर शहर में विभिन्न दिशाओं से प्रवेश मार्गों पर सुनियोजित स्वागत द्वार का निर्माण करवाया जाएगा ताकि शहरी सौन्दर्यकरण को बढ़ावे के साथ ही वर्ष पर्यन्त आने वाले पर्यटकों पर भी अनुकुल प्रभाव पड़ेगा। इसके तहत गोगुन्दा से आने पर बडगांव से कविता मार्ग,नाथद्वारा से प्रवेश करने पर अम्बेरी परए चित्तौड़ की तरफ से प्रवेश करने पर देबारी पर तथा अहमदाबाद की तरफ से प्रवेश करने पर बलीचा पर स्वागत द्वार निर्माण के लिए 4. करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। साथ ही शहर में विभिन्न स्थानों पर आवश्यकतानुसार चित्रकारी का कार्य करवायें जाने के लिए एक करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

### बागोर की हवेली में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

उदयपुर, । संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा 16 अप्रेल से स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत बागोर की हवेली में साफ-सफाई की गई। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत बुधवार से की गई। जिसमें प्रथम दिन बागोर की हवेली की दीवारों पर लगे छोटे-छोटे पौधों को हटाया गया, साथ ही इसकी साफ-सफाई की गई। इसी क्रम में 23 से 29 अप्रेल तक वेस्ट टू वेल्थ (पेपरमैशी) कार्यशाला शिल्पग्राम परिसर में आयोजित की जाएगी। साथ ही इसी दिन शिल्पग्राम परिसर में स्वच्छता की थीम पर स्कूली विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

# डॉ सुनीता आर्य राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित



डॉ सुनीता आर्य को सम्मानित करते राज्यपाल एवं उपमुख्यमंत्री।

उदयपुर, । राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में एनएसएस प्रभारी एवं संस्कृत विषय में सहायक आचार्य डॉ सुनीता आर्य का राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट कार्यो के लिए आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार से नवाजा गया। ओटीएस जयपुर में 16 अप्रेल को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे तथा उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा द्वारा डॉ आर्य को सम्मानित किया गया। डॉ आर्य ने केंद्र एवं राज्य सरकार की राष्ट्रीय सेवा योजना संबंधित गतिविधियों को समय पर आयोजित करने के साथ ही सामाजिक सेवा एवं जागरूकता के अनेक उत्कृष्ट कार्य किए हैं। उन्होंने स्वरचित नुक्कड नाटकों के मंचन के माध्यम से साइबर सुरक्षा ,महिला सशक्तिकरण ,स्वच्छ भारत अभियान, सडक सुरक्षा, मतदाता जागरूकता इत्यादि विषयों पर स्वयंसेविकाओं के साथ सार्वजनिक स्थानों जन जागरूकता के अनेक कार्य किए हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन, एक पेड मां के नाम, आजादी का अमृत कलश, हर घर तिरंगा अभियान, मेरी माटी मेरा देश, अंगदान महादान, नेत्रदान, व्यक्तित्व विकास सत्र, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, राज्य की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार, जल संवर्धन, उपभोक्ता अधिकार जागरूकता, महिला कानून जागरूकता, कच्ची बस्ती में महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, चिकित्सा शिविरों का आयोजन, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, पशु - पक्षी सेवा अभियान, माय भारत पोर्टल संबंधी कार्य, डिजिटल लिटरेसी, युवा संसद,राष्ट्रीय एकता शिविर एवं प्री आर डी कैंप में स्वयंसेविकाओं की भागीदारी इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यों को राष्ट्रीय सेवा योजना में कुशलता से संपन्न किया है।

# उदयपुर में राजस्थान पुलिस दिवस पर 36 पुलिसकर्मियों का सम्मान

उदयपुर,(का.स.)। राजस्थान पुलिस दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन में बुधवार को सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें कॉन्स्टेबल से लेकर पुलिस निरीक्षक तक के 36 पुलिसकर्मियों को सवीत्तम,अति उत्तम और उत्तम सेवा चिह्न से सम्मानित किया गया।

उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने पुरस्कार प्रदान किए। इससे पहले सेरेमोनियल परेड के दौरान पुलिसकर्मियों ने अनुशासन और प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में जवान मौजूद थे।समारोह में सवीत्तम सेवा चिह्न 3 हेड कॉन्स्टेबल को,अति उत्तम एक हेड कॉन्स्टेबल को और उत्तम सेवा चिह्न 3 पुलिस निरीक्षक,एक एएसआई, 6 हेड कॉन्स्टेबल और 22 कॉन्स्टेबलों को दिया गया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने बीते एक वर्ष में अपराध नियंत्रणए जन सुरक्षा और महत्वपूर्ण केसों के खुलासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उदयपुर पुलिस ने संवेदनशील मामलों में तुरंत कार्रवाई कर जनता का भरोसा बनाए रखा है। इस अवसर पर पुलिस लाइन सभागार में रक्तदान शिविर भी हुआ जिसमें महिला कांस्टेबलों सहित विभिन्न थानों के जवानों 50 यूनिट रक्तदान किया। समारोह में अति उत्तम सेवा चिह्न पुरस्कार हेड कॉन्स्टेबल कन्हैयालाल को प्रदान किया गया। इसी तरह सवीत्तम सेवा चिह्न हेड कॉन्स्टेबल नरेन्द्र सिंह,विनोद कुमार और शीशराम को दिया गया। उत्तम सेवा चिह्न पुरस्कार सीआई हिमांशु सिंह,मुकेश सोनी,रतन सिंह, एएसआई निर्मल कुमार,हेड कॉन्स्टेबल भैरूलाल, विजय सिंह, अशोक कुमार, देवीलाल, तेजसिंह, नाथूलाल, कॉन्स्टेबल अशोक कुमार, विजय कुमारी,दिनेश चन्द्र, प्रकाशए हंसराज और हरिराम आदि को दिया गया।

## सार-समाचार

### अवैध गांजे से भरी कार जब्त, एक गिरफ्तार

उदयपुर,। उदयपुर जिले में पुलिस ने अवैध गांजे से भरी कार को जब्त कर एक तस्कर को बैकरिया थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठौड़ के सुपरविजन में बैकरिया थानाधिकारी उत्तमसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने माण्डवा थानाधिकारी द्वारा संदिग्ध कार के संबंध में सूचना दी। इस पर बैकरिया नीचला चौराहा देवला पर नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान आई संदिग्ध कार को रूकने का इशारा किया तो चालक कार मोड़ कर कोटड़ा की तरफ लेकर भागा। पीछा कर पकड़ा तो इससे पूर्व कार से व्यक्ति कूद जंगलों की तरफ फरार हो गया। इस पर कार को रोक चालक से पूछताछ की तो उसनेअपना नाम विष्णुदास पुत्र. बंशीदास निवासी धनोली कुंवारिया राजसमन्द बताया तथा भागने वाले साथी का नाम महेन्द्रसिंह पुत्र सुरजसिंह निवासी प्रेमपुरा पीपली अहिरान कुंवारिया राजसमंद होना बताया। कार की तलाश ली तो उसमें रखा 43 किलो 200 ठाम अवैध गांजा मिला। इस पर पुलिस ने अवैध गांजे सहित कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। बरामद गांजे की कीमत 25 लाख आंकी गई है।

### धमका कर पीडित से लाखों की नकदी वसूलने वाला गिरफ्तार

उदयपुर,। सुखेर थाना पुलिस ने पीडित का अपहरण कर धमकी देकर जमीन का एठाीमेंट करवा लाखों की नकदी वसूलने वाले को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि नाई पुलिस थाने के हिस्ट्रीशिटर दिलीपनाथ व साथियों के खिलाफ सुनियोजित षडयंत्र के तहत सुखेर क्षैत्रके पीडित कि जबरन घर के बाहर से उठा कर जाने से मारने की धमकी देकर तहसील कार्यालय बड़गांव ले जाकर जमीन का एठाीमेंट करा पीडित स्वयं को उसकी बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर 35 लाख 50 हजार रूपये ऐठने के मामले की जानकारी मिली। मामले में दिलीपनाथ व साथियों के खिलाफ सुखेर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। इस पर अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के सुपरविजन में पुलिस उप अधीक्षक अनुसंधान अधिकारी गिर्वा सूर्यवीरसिंह राठौड़ मय टीम ने अम्बामाता पुलिस थाने के हिस्ट्रीशिटर नरेश पालीवाल पुत्र भवानी शंकर पालीवाल निवासी सज्जननगर अम्बामाता को गिरफ्तार किया। इस मामले में पूर्व में नरेश वैष्णव को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया जा चुका है। इस मामले में दिलिपनाथ पुत्र नारायणनाथ निवासी सीसारमा, वीरेन्द्रसंह (निलंबित पुलिस कांस्टेबल) गजेन्द्र पुत्र लक्ष्मीलाल चौधरी हॉल अम्बामाता मंदिर के पिछे , देवन्द्र गायरी उर्फ डेविड निवासी कालारोही, शंकरसिंह पुत्र हिरासिंह राजपूत निवासीब्राम्हणों का गुड़ा अम्बेरी, पीटू कलाल निवासी मेहरों का गुड़ा, नरायणदास पुत्र धनदास वैष्णव व अन्य साथियों को नामजद कर तलाश की जा रही है।

### हिस्ट्रीशिटर ने हमला कर महिला को घायल किया

उदयपुर, शहर के घंटाघर थाना क्षैत्र में हिस्ट्रीशिटर ने हमला कर महिला को घायल किया। पुलिस ने हमलावर हिस्ट्रीशिटर व साजिशकर्ता दंपत्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पीडिता विजयलक्ष्मी आमेटा ने बताया कि 11 अप्रेल को हिमांशुशर्मा पुत्र निरंजर कुमार निवासी नावघाट व उसकी पत्नी ने रैकी कर मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशिटर महेन्द्र सरदार के साथ मिल कर हमला करने की साजिश रचने की शिकायत पुलिस थाने में दी। पुलिस ने बताया कि 12 अप्रेल सवेरे पीडिता अपने पिता कृष्णचंद आमेटा निवासी नावघाट रोड़ स्थित मकान पर साफ सफाई कर रही थी।इसी दौरान सूचना मिलने पर दुपहिया वाहन लेकर आए महेन्द्रसिंह सरदार ने गाली गलोज की। इसका विरोधक करने पर झाडू छिन कर अश्लील हरकत करते हुए पीडिता पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई। इस दौरान निचे गिरने पर गला दबा कर आरोपी ने जान से मारने की कोशिश की। चिल्लाने पर बहन हेमलता और पिता ने जान बचाई। हिस्ट्रीशिटर आए दिन पीडिता व परिजनों को परेशान कर रहा है। हमला करने के दौरान बचाव में आई बहन हेमलता के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। उक्त पूरी वारदात आरोपी हिमांशु शर्मा और उसकी पत्नी मकान की बालकनी से देख रहे थे एवं पत्थर बाजी कर धमका रहे थे। उक्त पूरे घटनाक्रम की फुटेज पीडिता ने पुलिस को सौंप कर प्रकरण दर्ज करवाया है। जिसकी जांच की जा रही है।


**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: F.7(12 )PLAN/LANDUSE/2025-26/650 **आम सूचना** दिनांक : 16/4/2025

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध मे प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/योजना | खसरा संख्या / ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड / भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री लोगर पिता धुला डांगी | भुवाणा | 1162 से 1165, 1167, 1168, 1170 से 1177, 1182 से 1185, 1187 से 1189, 1256 से 1260, 1263 से 1266 | 29 | 7394.00 वर्गफीट | भुवाणा गांव से नवरत्न कॉम्पलेक्स को जाने वाली 60 फीट सडक पर हिन्दुस्तान स्टिल के सामने स्थित है। | आवासीय उपयोग से होटल (पर्यटन इकाई) प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**



पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

विधि/वसूली विभाग, मंडल कार्यालय, उदयपुर
एलआईसी भवन, तीसरा तल, सबसिटी सेन्टर, रेती स्टेण्ड के पास, उदयपुर
फोन नंबर: 0294-2688008/09/22/26, ई-मेल: cs8328@pnb.co.in

**प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002, परिशिष्ट IV ( नियम 8( 1 ) देखें )**
**कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति के लिए )**

जबकि
अधोहस्ताक्षरकर्ता **श्री शैलेन्द्र कुमार वर्मा** ने **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 सपठित, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में ऋणी **श्री गणपत लाल पुत्र श्री रूप लाल जैन** एवं सह-ऋणी **स्व. श्रीमती प्रेम लता जैन पत्नी श्री गणपत लाल जैन** ( मृत्यु के बाद से ) जरिये कानूनी वारिस **श्री मनोज जैन पुत्र श्री गणपत लाल जैन, श्रीमती आरती जैन पुत्री श्री गणपत लाल जैन** एवं **श्री धर्मेन्द्र जैन पुत्र श्री गणपत लाल जैन** एवं जमानतदार **श्री शम्भू पुरी गोस्वामी पुत्र श्री शिव पुरी एवं श्रीमती कमला देवी बडोला पत्नी श्री ख्याली लाल पर मांग सूचना दिनांक 27.01.2025** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 27.01.2025 को बकाया राशि रू. 5,09,209.01 ( रूपये पांच लाख नौ हजार दो सौ नौ एवं पैसे एक मात्र )( दिनांक 30.12.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए )** प्लस आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने दिनांक **11**, माह **अप्रेल**, वर्ष **2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
कर्जदारों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 08.04.2025 को बकाया राशि रू. 5,20,700.53 ( रूपये पांच लाख बीस हजार सात सौ एवं पैसे तिरपन मात्र )** प्लस आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए **पंजाब नैशनल बैंक, राजसमन्द शाखा** के प्रभार के अधीन होगा।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो श्री गणपत लाल पुत्र श्री रूप लाल जैन के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 4, कोठारियों का पाडा, राज नगर, राजसमन्द, राजस्थान पर स्थित है। **सीमाएं**- उत्तर: रास्ता, दक्षिण: श्री गेहरी लाल सिंघवी एवं श्री लोभ चंद कच्छारा, पूर्व: श्री गणपत लाल का मकान( हिस्सा ), पश्चिम: रास्ता

हस्ता.
( शैलेन्द्र कुमार वर्मा )
प्राधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक

स्थान: राजसमन्द
दिनांक: 11.04.2025


# विधायिका के प्रति बढ़ी कार्य पालिका की जवाबदेही: देवनानी

- देश की एजेंसियों पर सवाल उठाना संविधान की मूल भावना के विरुद्ध
- विधानसभा अध्यक्ष देवनानी की उदयपुर में पत्रकार वार्ता



उदयपुर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सर्किट हाउस में पत्रकारों को संबोधित किया।

उदयपुर,। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधायिका के प्रति राज्य की कार्यपालिका को उत्तरदायी बनाने का प्रयास किया गया है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। विधानसभा में 10 हजार से अधिक लंबित प्रश्नों में से 95 प्रतिशत के जवाब आए हैं। इनमें लगभग साढे॰ चार हजार प्रश्न तो 15वीं विधानसभा के भी लंबित थे। इससे लोकतंत्र व जनता के प्रति उत्तरदायी शासन की संकल्पना मजबूत हुई है। पहली बार विधानसभा में पेपरलेस कार्रवाई, विधायकों के लिए आईपेड उपलब्ध करवाने सहित कई नवाचार किए गए हैं। यह पर्यावरण के लिए भी लाभदायी है और गुड गवर्नेस के लिए भी।

महाराणा प्रताप का शौर्य, आदिवासी संस्कृति और संवैधानिक मूल्यों कलाकृतियों को विधानसभा की दर्शक दीर्घा में संजोया गया है। इससे नई पीढ़ी को हमारी अनमोल धरोहर से रूबरू होने का मौका मिल रहा है। श्री देवनानी ने बुधवार को उदयपुर सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा में गुलाबी रंग से परिवेश बेहतर बना है। इस दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक श्री फूलसिंह मीणा और समाजसेवी गजपाल सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहे।

देश में लोकतंत्र की जडे॰ इतनी गहरी है कि कोई भी लोकतंत्र को नुकसान नहीं पहुंचा सकता है। संविधान में स्पष्ट लिखा है कि यदि केंद्र सरकार बहुमत के साथ किसी बिल को पास करती है तो उसे सभी राज्यों को मानना पड़ता है। यह संघीय ढांचे का आधार है।

लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन सरकारी एजेंसियों की स्वायत्ता पर सवाल उठाना देश के लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। वक्फ बिल संसद के दोनों सदनों ने पारित किया है, इसके बावजूद इस पर सवाल उठाना संविधान की मूल भावना पर सवाल उठाने के समान है। सुप्रीम कोर्ट ने भी वक्फ बिल पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। सभी राजनीतिक दलों को देश की सर्वोच्च अदालत और संवैधानिक सदनों पर विश्वास रखना चाहिए। देवनानी ने कहा कि आज वैश्विक परिदृश्य में भारत एक मजबूत ताकत बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक ऊंचाइयों को छू रहा है। यह प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वो नेशन फर्स्ट का भाव रखें।


**BLOCK DEVELOPMENT OFFICE**
**PANCHAYAT SAMITI DEOGARH RAJSAMAND**
**Serial number/DEO/2025-26/49 DATE:-09-04-2025**

**E-TENDER NOTICE**

E-Tender Notice are invited for Goods . Details about Tender specification cost EMD Tender Inviting and Receiving Dates Etc Available at http:// sppp.rajasthan.gov.in And https:// eproc.rajasthan. gov.in

**UBN. NO:- ZRR2526GLRC00022**
**To ZRR2526GLRC00042**
**NIB.No.ZRR2526A0012**
**To ZRR2526A0031**

**Block Development Officer**
**P.S. Deogarh**